दिनांकः 30.03.2026 समय : 01:00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के सानिध्य में आज जयपुर में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को दो यूनिफॉर्म के लिए डीबीटी हस्तांतरण का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा हैं ये सौगात प्रदेश की 1 लाख 22 हजार आंगनबाड़ी से जुड़ी महिलाओं को दी गई हैं मुख्यमंत्री आवास पर हो रहे इस कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री और महिला तथा बाल विकास मंत्री दिया कुमारी भी मौजूद हैं इस अवसर पर दिया कुमारी ने कहा कि सरकार प्राथमिकता के साथ महिला सशक्तिकरण का काम कर रही हैं उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्रों के आधुनिकीकरण के लिए सरकार प्रयासरत हैं

....

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के काम की सराहना करते हुए कहा कि वे बच्चों के भविष्य के विकास में अहम भूमिका निभा रही हैं

....

000

इंदिरा गांधी नहर में आंशिक बंदी शुरू हो गई हैं ये नहरबंदी 10 अप्रेल तक चलेगीं इस दौरान पंजाब के सरहिंद फीडर से पीने का 1500 से 2000 क्यूसैक पानी उपलब्ध करवाया जाएगां इसके बाद 11 अप्रेल से 10 मई तक 30 दिनों के लिए नहर की पूर्ण बंदी रहेगीं अधिकारियों ने आमजन से पानी की हर बूंद का सदुपयोग करने की अपील की है, जिससे अगले डेढ़ महीने तक जलापूर्ति सुचारू बनी रहें

000

भीलवाड़ा पुलिस ने सोशल मीडिया पर पैट्रोल डीज़ल की कीमतों पर अफवाह फैलाने को लेकर आठ लोगों को गिरफ्तार किया हैं जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने लोगों से किसी भी तरह की भ्रामक सूचनाओं पर विश्वास नहीं करने की अपील की हैं उन्होंने बताया कि एलपीजी की कालाबाजारी रोकने के लिए रसद विभाग ने 27 स्थानों पर कार्रवाई करते हुए 132 गैस सिलेंडर, रिफिलिंग मशीन और अन्य उपकरण जब्त किये हैं

000

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–आरबीएसई की 12वीं कक्षा का परिणाम कल जारी किया जाएगां सीनियर सैकण्डरी के कला, विज्ञान और वाणिज्य तीनों संकायों के नतीजे कल सुबह दस बजे जारी किये जाएंगें शिक्षा मंत्री मदन दिलावर अजमेर स्थिति बोर्ड कार्यालय से ये परिणाम जारी करेंगें

000

भगवान महावीर के जन्मोत्सव के उपलक्ष में आज प्रदेशभर में अनेक आयोजन हो रहे हैं इनके साथ ही भगवान महावीर के सत्य, अहिंसा, जियो और जीने दो का संदेश जन–जन तक पहुंचाया जा रहा हैं इस मौके पर नवकार महामंत्र का जाप किया जा रहा है और शोभा यात्राएं निकाली जा रही हैं अजमेर में पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर से आकर्षक झांकियों के साथ शोभा यात्रा निकाली गई वहीं रणकपुर और श्रीमहावीर जी में भी इस अवसर पर बड़ी संख्या में जैन धर्मावलंबी जुटे हैं

000

आईपीएल क्रिकेट में आज, राजस्थान रॉयल्स और चेन्नई सुपर किंग्स की टीमें आमने–सामने होंगीं यह मैच गुवाहाटी के बारसापारा क्रिकेट स्टेडियम में शाम साढ़े 7 बजे से खेला जाएगां वहीं इससे पहले, **मुंबई इंडियंस** ने कल रात **कोलकाता नाइट राइडर्स** को छह विकेट से हरा दियां

000

केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा है कि देश के बैंक, ग्राहकों के डाटा की सुरक्षा और गोपनीयता सुनिश्चित करने के लिए एक सख्त कानूनी और नियामक ढांचे के तहत काम करते हैं वित्तमंत्री ने आज लोकसभा में कहा कि रिजर्व बैंक द्वारा जारी 'अपने ग्राहक को जानें'–केवाईसी ढांचे और दिशा–निर्देशों के तहत बैंकों को ग्राहक जानकारी की गोपनीयता बनाए रखनी होती हैं श्रीमती

सीतारामन ने कहा कि डाटा केवल आवश्यकता के आधार पर इकट्ठा किया जाता है और जरूरत के अनुसार अधिकारियों के साथ साझा किया जाता हैं उन्होंने कहा कि धोखाधड़ी और अनधिकृत डाटा साझाकरण के मामलों में, रिजर्व बैंक या संबंधित अधिकारियों से शिकायत की जा सकती हैं अधिकारी ऐसी शिकायतों पर आवश्यक कार्रवाई करते हैं

000